# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**<u>मुख्य समाचार :—</u>**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं और संगठनात्मक मुद्दों पर की बैठक : अधिकारियों के साथ की कानून व्यवस्था की समीक्षा।
2. होली पर्व को देखते हुए कल से 4 मार्च तक पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में चलेगा व्यापक स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान : मुख्यमंत्री ने माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं : कहा– यह त्यौहार सामाजिक समरसता का प्रतीक, मथुरा के गोकुल में आज छड़ीमार होली में शामिल हुए देश–विदेश के श्रद्धालु।

और

4. भारतीय दूतावास ने इजराइल में रहने वाले भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन की गाइडलाइंस का पालन करने के दिए निर्देश : प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा– इजराइल में कार्यरत प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज वाराणसी पहुंचे। इस दौरान श्री योगी भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र की समन्वय बैठक में शामिल हुये। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने विश्व रिकॉर्ड के लिए आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के संबंध में प्रस्तुतीकरण देखा और इसमें भाग लेने वाले सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। बाद में उन्होंने सर्किट हाउस में काशी की विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा भी की।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को होली के मद्देनजर ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश भी दिए हैं। कल से 4 मार्च तक प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान चलेगा। अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि होली, रमजान, ईद सहित आगामी त्यौहारों के दौरान शरारतन माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। एक रिपोर्ट...

*श्री योगी ने कल देर शाम लखनऊ में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में आगामी पर्व–त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए फील्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर राज्य में कहीं भी समाज में विद्वेष फैलाने वाली घटनाएं घटित होती हैं तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। होली के दौरान लोगों के आवागमन में वृद्धि को देखते हुए मुख्यमंत्री ने परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्च माह में पर्व–त्योहारों और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और रोस्टरिंग न की जाए। समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

———————————

होली के पर्व को लेकर प्रदेश भर के बाजारों में जमकर खरीदारी हो रही है। त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। एक रिपोर्ट..

*प्रदेश में होलिकोत्सव की तैयारी को लेकर बाजारों में ख़ासी रौनक देखने को मिल रही है। रंग–गुलाल आदि के साथ ही मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर लोग बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। इस बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने होलीकोत्सव की शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि यह त्यौहार सामाजिक समरसता का प्रतीक है। वहीं राज्य विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे होली*

*के पावन पर्व पर नकारात्मक प्रवृत्तियों का दहन कर सामाजिक समरसता को अपनायें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल शाम गोरखपुर में होली के अवसर पर आयोजित होने वाली पारंपरिक और ऐतिहासिक शोभायात्रा में शामिल होंगे। समाचार से शरद मिश्र।*

————————————

मथुरा के गोकुल में आज छड़ीमार होली का आयोजन किया गया, जिसमें देश–विदेश के श्रद्धालु साक्षी बने। एक रिपोर्ट...

*गोकुल में पारंपरिक छड़ीमार होली में टेसू के फूलों के रंग और ब्रज के गीतों के साथ छड़ीमार होली खेली गई। इस दौरान कान्हा की पालकी के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिससे गोकुल में होली का त्योहार अपने चरम पर पहुंच रहा है। यह आयोजन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं को समर्पित है। गोकुल वही गांव है, जहां कृष्ण ने अपना बचपन बिताया था। द्वापर युग से चली आ रही इस परंपरा को आज भी उसी उत्साह से निभाया जाता है। इस खास मौके पर देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंच कर होली के जश्न का आनंद उठाया। यह पारंपरिक आयोजन लोगों को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। रंगों, गीतों और उत्साह से भरा यह त्योहार हर किसी के मन को मोह लेता है। मोहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

————————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

इटावा में बढ़पुरा ब्लॉक में प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले ना वर्षों के दौरान प्रदेश में शिक्षा का स्तर बहुत बढ़ गया है। बाइट...

*उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था आज सशक्त हुई है, मजबूत हुई है, पारदर्शी हुई है, नकल विहीन परीक्षाएं हुई है। फल स्वरूप क्या हुआ कि आज उत्तर प्रदेश का युवा पूरे देश में नहीं पूरे विश्व में हर एक जगह पहुंच चुका है। अपने हुनर के बल पर अपनी शिक्षा के बल पर और उत्तर प्रदेश देश का सबसे तेजी से अग्रणी आगे बढ़ने वाला प्रदेश बन कर के उभरा है।*

————————————

आईआईएम लखनऊ इस सत्र से एआई आधारित बैचलर कोर्स शुरू करने के साथ ही परिसर में जल्द ही गूगल और मेटा जैसी इंटरनेशनल कंपनियों की मदद से विश्वस्तरीय एआई लैब स्थापित करेगा। आईआईएम लखनऊ के निदेशक मनमोहन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मशीन लर्निंग, कम्प्यूटर विजन, एलगारिदम और डिजिटल सिक्योरिटी पर फोकस करने वाली एआई लैब युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगी और देश की विकास योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। बाइट....

*जो हमारा जो योजना है कि हम जो अपने लैब का जो सेटअप है, लैब की जो परिकल्पना है, उसमें हमारा प्रयास रहेगा कि जितने भी फोर फाइव हम लैब्स मशीन लर्निंग पर, कंप्यूटर विजन पर, एल्गोरिथिम पर और सिक्योरिटी पर इन सब पर हम एक वर्ल्ड क्लास लैब सेटअप करें इनके सहयोग से और इन लैब का जो*

*मुख्य लक्ष्य है, वह देश की योजनाओं में विकास की योजनाओं में भागीदारी चाहते हैं।*

————————————

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपने वीसा के विस्तार या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। यह परामर्श पश्चिम एशिया के ताज़ा घटनाक्रम को देखते हुए जारी किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कायालय से संपर्क करना चाहिए। इसके लिए कार्यालय की वेबसाइट बीओआई डॉट जीओवी डॉट इन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

————————————

प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवारों को आश्वस्त किया है कि प्रदेश सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा के लिये पूर्णतः प्रतिबद्ध है और उनकी सुरक्षा के लिये सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। श्री राजभर ने बताया कि श्रम विभाग इजराइल स्थित भारतीय दूतावास और एन०एस०डी०सी० के साथ लगातार संपर्क में है, जिससे इजराइल में कार्यरत 6 हजार से अधिक श्रमिकों की सुरक्षा–संरक्षा की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रमुख सचिव, श्रम डॉ. एम० के० शन्मुगा सुन्दरम् ने इजराइल में भारत के राजदूत, जे०पी० सिंह से दूरभाष पर वार्ता की है। राजदूत श्री सिंह ने अवगत कराया कि स्थिति

नियंत्रण में है। दूतावास श्रमिकों के संपर्क में है और फिलहाल किसी प्रकार की चिंता की कोई बात नहीं है।

————————

भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने आज सुल्तानपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय प्रगति की है। श्री पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख बढ़ी है और विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत स्थिति बनाई है।

————————

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 के अन्तिम मुकाबले में आज शाम कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला जारी है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। दोनों टीमों के लिये यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण है। विजेता टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी।

————————